Carriage and Wagon Building workshop

3208. SHRI H. HANUMANTHAP. PA: WiU the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to establish more carriage and wagon building workshops; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

मुम्बई में नाहूर में स्टेशन बनाने की मांग

3207. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में मुलुंड और भांडूप स्टेशनों के बीच नाहूर में स्टेशन बनाने की बहुत समय से मांग की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित स्टेशन के कब तक बना दिये जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) मुलुण्ड और भांडूप स्टेशनों के बीच एक नया हाल्ट स्टेशन खोलने के प्रस्ताव की जांच की गई है । सका वित्तीय और परिचालनिक दोनों ी दृष्टि से औचित्य नहीं पाया गया ।

Work of Belapur Nhava-Sheva Urban Hallway line

3208. SHRI PRAMOD MIAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to take up the work of Belapur Nhava-Sheva Urban railway line with similar funding arrangement as in the case of Mankhurd-Belapur railway line;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) This being a new line for commuter traffic for development of New Bombay, it is for the State Government of Maharashtra to initiate action in the matter.

Setting up of Indian Railway Land Management Corporation

3209. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) whether Government propose to set up Indian Railway Land Management Corporation to raise resources for expansion and modernisation of railways;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the idle land with the railways would also be converted into viable assets; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) No, Sir. However, an Exper Committee has been set up to go in

various aspects of land management on Railways including the organisation required for better land use.

(c) and (d) The railway land lying vacant or encroached upon at present is required for railways' future developmental works. It is proposed to explore the feasibility of commercially exploiting space over railway land and land presently lying vacant or encroached upon, without obstructing the use of the land by Railways when required, with a view to generating additional resources for Railways' developmental projects. The matter is in initial stages.

गुना-शिवपुरी-ग्वालियर भिण्ड-इटावा रेल लाइन

3210. श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा गुना-शिवपुरी-ग्वालियर-भिण्ड-इटावा रेल लाइन को कब स्वीकृति दी गई थी ; इसकी अनुमानित लागत कितनी है और इस वर्ष के बजट में सरकार ने इस लाइन के लिए कितने बजट का प्रावधान किया है तथा इस पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है ; और

(ख) क्या इस रेल लाइन को बरेसिया होते हुए विदिशा तक बढ़ा दिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गुना-इटावा नई बड़ी लाइन के कार्य को 1985–86 में स्वीकृत किया गया था। इस परियोजना की अनुमानित लागत 233.37 करोड़ रुपये है। 1992–93 के दौरान 11.11 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है। दिसम्बर, 1991 तक 75.3 करोड़ रुपये (लगभग) खर्च किए गए हैं।

(ख) जी, नहीं।

मध्य प्रदेश में रेलवे का विकास

3211. श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1992–93 के लिये रेलवे बजट में मध्य प्रदेश में रेल विकास के लिये कुल कितनी राशि के आवंटन का प्रावधान किया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : विकासात्मक परिव्ययों के आबंटन को रेलवे बजट में कार्यकलापों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और उन्हें योजना शीर्ष कहा जाता है। इनका निर्धारण राज्यवार हद के आधार पर नहीं किया जाता।

दक्षिण पूर्व रेलवे का लाभ हानि प्रतिशत

3212. श्री अजीत जोगी :
श्री बेकल "उत्साही" :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1964 के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे की नैनपुर छोटी लाइन का लाभहानि प्रतिशत कितना था तथा 1991–92 में दक्षिण पूर्व रेलवे की नागपुर छोटी लाइन का अर्जित लाभ हानि प्रतिशत कितना था ;

(ख) क्या यह सच है कि संचालन को सुगम बनाने और घाटे को दूर करने के लिए एक मंडल कार्यालय नैनपुर में स्थापित किया जा रहा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) नैनपुर और नागपुर दक्षिण पूर्व रेलवे के छोटी लाइन प्रणाली के स्टेशन हैं। इस समय इस रेलवे के 1964 के इतने पुराने वित्तीय परिणाम उपलब्ध नहीं हैं। वित्त वर्ष 1991–92 अभी समाप्त नहीं हुआ है। तथापि